चौहान, दक्ष, ...
आदि शामिल थे।

यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं 20 मई से

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की परीक्षा 20 मई से शुरू होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विवि से सभी सम्बद्ध संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किये जा चुके हैं। संस्थान के निदेशक अपने हस्ताक्षर के बाद प्रवेश पत्र छात्रों को जारी कर सकते हैं। बशर्ते छात्रों द्वारा परीक्षाओं हेतु निर्धारित समस्त अर्हताएं पूर्ण की गई हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न नियामक संस्थाओं व आर्डिनेस के प्राविधानों के अनुसार न्यूनतम उपस्थिति न पूरी न करने वाले छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी नहीं किये गये हैं। कक्षाओं में उपस्थिति की गणना में किसी प्रकार की त्रुटि पर छात्र इस संबंध में एक एक शपथ पत्र विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक को दे सकते है।